C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 7:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:17 बजे



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 28 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 12 जुलाई 2025

रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ विंबलडन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### इग्नू में प्रवेश को 15 जुलाई अंतिम तिथि

**नैनीताल** । इग्नू में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है तथा 15 जुलाई अंतिम तिथि है। शुक्रवार को कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में प्रवेश हेतु सत्र चलाया गया। इग्नू डीएसबी के समन्वयक प्रो. ललित तिवारी ने बताया कि इग्नू में 314 कोर्स वर्तमान में संचालित हैं जिसमें डिप्लोमा एसर्टिफिकेट तथा डिग्री कोर्स शामिल है इग्नू देश के सबसे बड़ी विश्वविद्यालय है तथा प्रवेश आनलाईन के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं । बी कीपिंग तथा ऑर्गेनिक पर भी सर्टिफि केट कोर्स उपलबध होते हैं। जुलाई सत्र में प्रवेश हेतु बी कॉम/ बीए /बीबीए/ एमएससी ग्रह विज्ञान/ सामुदायिक विकास एवं विस्तार प्रबंधन के साथ पुस्तकालय विज्ञान तथा बीबीए सहित एमएससी एनालिटिकल केमिस्ट्री तथा एमएससी बायोकेमिस्ट्री तथा पर्यावरण विज्ञान व एमए एंथ्रोपोलॉजी तथा वन ईयर डिप्लोमा जर्नलिज्म एवं मास कयुनिकेशन भी शामिल है । पढ़ाई छोडने वाले विद्यार्थी वंचित विद्यार्थी तथा पडने वाले विद्यार्थी प्रवेश ले सकते है । इस दौरान डॉ नवीन पांडे , एन बी पालीवाल, कुंदन तथा गोपाल बिष्ट व विकास आदि उपस्थित रहे।

### पंचायती चुनावों को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के पालन को पुलिस पूरी तरह सतर्क

**नैनीताल** । पंचायती चुनावों को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अवैध रूप से शराब और नकदी के परिवहन पर रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। शुक्रवार को एसपी जगदीश चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तल्लीताल डांठ और बारापत्थर क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान हर आने.जाने वाले वाहन की गहनता से जांच की गई। एसपी ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। पुलिस की विशेष नजर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर है। फिलहाल की गई चेकिंग के दौरान कोई गैरकानूनी वस्तु बरामद नहीं हुई है। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह तैयार है।

## शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चोरी की 9 बाइक समेत गिरफ्तार पांच गिरफ्तार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निवार्चन 2025 के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने पर 5 व्यक्तियों को लूट और चोरी की बाईकें,मोबाईल, अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पांचों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक 7 जुन 2025 को गायत्री पार्क के सामने आवास विसास निवासी अनिल कुमर से तमंचे से पीटकर मोबाईल फोन,रूपये लूटकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिडकुल रोड पर यूके इण्डिया स्कैफोल्डिंग कम्पनी के पास झड़ियों से 5 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों से लूट और चोरी की 9 बाईकें, 9 मोबाईल बरामद किए। पुलिस ने एक तमंचा समेत अन्य धारदार हथियार भी बरामद किए। पुलिस के मुताबिक बरामदा बाईकें थाना ट्राजिट कैंप की 3 बाईकें है और अन्य 6 बाईकों की तस्दीक की जा रही है। गिरफ्तार करने वाले में चौकी प्रभारी आवास विकास प्रकाश चन्द, एसआई विजय कुमार,एएसआई रमेश चन्दोला,हेड कांस्टेबल अनिल कुमार,जगमोहन गोड़,चन्दन सिंह,नंदन राम,पीआरडी समीर आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**गिरफ्तार अभियुक्त:**
1-शिवम गुप्ता ग्राम भगौतीपुर थाना मीरगंज बरेली यूपी हाल निवासी शांति विहार भूरासनी रुद्रपुर। लूट और चोरी की घटना के आरोपी।
2- राजेश कुमार मूल निवासी शेरगढ़ मोहल्ला बरिपुरा थाना शेरगढ़ बरेली यूपी हाल डिबडिबा आश्रम वाली गली थाना बिलासपुर जिला रामपुर यूपी। लूट और चोरी की घटना का आरोपी।
3-विशाल उपाध्याय ग्राम उसेला ओला थाना ओला बरेली हाल निवासी सामिया गुलमोहर थाना रुद्रपुर। लूट और चोरी की घटना के आरोपी।
4- केशव निवासी शिवनगर शिव मंदिर थाना ट्रांजिट कैंप। चोरी की घटना का आरोपी।
5-जवाब कुमार उर्फ पंवार ग्राम ज्वालापुर भैसिया थाना बिलासपुर यूपी हाल निवासी भूरारानी थाना रुद्रपुर, चोरी की घटना का आरोपी।

दून बार एसोसिएशन की सख्त चेतावनी

## वकीलों की ड्रेस में सिर्फ वकील रहेंगे, दलाल, मुंशी और इंटर्न नहीं

देहरादून
हमारे संवाददाता



देहरादून बार एसोसिएशन ने सख्त चेतावनी दी है कि वकीलों की ड्रेस में सिर्फ वकील रहेंगे। मुंशी बार का दिया हुआ परिचय पत्र रखेंगे।

देहरादून के जिला न्यायालय परिसर या चैंबर ब्लॉक में सफेद शर्ट और काली पैंट या कोट सिर्फ अधिवक्ता ही पहन सकते हैं, यदि कोई दलाल, मुंशी या वकालत के छात्र (इंटर्न) वकील की ड्रेस में नजर आए तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। देहरादून बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि अनाधिकृत तौर पर वकालत का कार्य करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। बार एसोसिएशन ने लॉ इंटर्न के लिए ड्रेस कोड और पहचान पत्र संबंधी निर्देश भी जारी किए हैं। साथ ही सभी अधिवक्ताओं से निवेदन किया है कि उनके यहां जो भी व्यक्ति मुंशी के रूप में कार्यरत हैं, उनका परिचय पत्र बार एसोसिएशन देहरादून से बनवा लें। बार के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल और सचिव राजबीर सिंह बिष्ट की ओर से जारी विशेष सूचना के अनुसार, एसोसिएशन के संज्ञान में आया है कि कुछ लोग जो अधिवक्ता नहीं हैं, वे स्वयं को अधिवक्ता दर्शाते हुए न्यायालय परिसर में काम कर रहे हैं। वे अधिवक्ता की वेशभूषा में न्यायालय में उपस्थित भी हो रहे हैं। कुछ ऐसे भी व्यक्ति हैं जो किसी अधिवक्ता के साथ मुंशी का कार्य करते हैं, लेकिन न्यायालय परिसर में काली पैंट तथा सफेद शर्ट में घूमते हैं। एसोसिएशन ने कहा है कि ऐसे सभी लोगों की पहचान करके मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। इंटर्न को स्पष्ट निर्देश दिए हैं वे अपने कॉलेज की ड्रेस में आएं, जिस पर कॉलेज का मोनोग्राम बना हो। कॉलेज का परिचय पत्र भी पहनकर आएं। निर्देशों का पालन न करने वाले इंटर्न के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए उनके कॉलेज को पत्र भेजा जाएगा।

## नेपाली तस्कर समेत दो गिरफ्तार, 44 ग्राम स्मैक बरामद

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर जनपद में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नानकमत्ता पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाली तस्कर समेत दो को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से लगभग 44 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने नेपाली तस्कर से नेपाली करेंसी व बाईक भी बरामद की। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस पूछताछ में तस्करों ने अपना नाम सुखदेव सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी बिजली कॉलोनी, सिद्धा नवदिया, थाना नानकमत्ता और तेज सिंह पुत्र नैन सिंह निवासी कंचनपुर वार्ड 9, सीमा प्रहरी चौकी-ब्रह्मदेव, जिला-कंचनपुर, महाकाली अंचल, नेपाल बताया। पुलिस पूछताछ में नेपाली तस्कर ने यह भी बताया कि वह स्मैक खरीदने के लिए खटीमा आया था। इसके कब्जे से बाईक और लगभग 8000 रुपए की नेपाली मुद्रा भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक स्मैक की तस्करी की शिकायत नेपाल सीमा से मिल रही थी। पुलिस ने उसी शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी थी। एसएसपी के मुताबिक नेपाल सीमा से अभियुक्त सुखदेव और उसके भाई लखविंदर के खिलाफ शिकायतें मिली थीं। शिकायत में बताया गया था कि ये लोग नेपाली मूल के युवाओं को स्मैक बेच रहे हैं। इस मामले में, स्पेशल ब्रांच के अधिकारियों ने भी गिरफ्तार अभियुक्तों से गहन पूछताछ की है। साथ ही, नेपाल की पुलिस को भी इस कार्रवाई के बारे में सूचित कर दिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त सुखदेव का भाई लखविंदर पहले भी दो बार एनडीपीएस अधिनियम के तहत जेल जा चुका है। इसके साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त सुखदेव भी पहले एक बार झनकायिया थाने से एनडीपीएस मामले में जेल जा चुका है।



## कांवड़ यात्रा: साधु वेश में घूम रहे एक बांग्लादेशी समेत 25 लोग गिरफ्तार

हरिद्वार
हमारे संवाददाता

ऑपरेशन कालनेमि के तहत देहरादून पुलिस ने साधु वेश में घूम रहे 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सहसपुर से पकड़ा गया एक बांग्लादेश का नागरिक है। उसके खिलाफ सहसपुर में विदेशी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। बाकी सभी को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। मजिस्ट्रेट ने सभी को हिदायद देकर जमानत पर रिहा कर दिया।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने साधु वेश में घूमने वाले फर्जी बाबाओं के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि चलाने के आदेश दिए थे। इसे लेकर सभी थाना पुलिस को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में वह खुद भी नेहरू कॉलोनी और अन्य क्षेत्रों में थाना पुलिस के साथ सत्यापन और चेकिंग अभियान में घूमे थे। चेकिंग के दौरान कई ऐसे फर्जी बाबा दिखाई दिए जो लोगों को कई तरह से अपनी बातों में फंसा रहे थे। कोई लोगों का भविष्य बाच रहे थे तो कोई गृह क्लेश को दूर करने के लिए युक्तियां बता रहा था। इनमें से कई लोग ऐसे थे जो कि भगवा चोले में ज्योतिष की पोथियां लेकर बैठे हुए थे। ऐसे में इनसे प्रमुख दस्तावेज मांगे गए तो इनके पास कुछ नहीं था। कार्रवाई के क्रम में एक व्यक्ति सहसपुर में घूमता दिखाई दिया। उससे पूछताछ करने पर पता चला कि वह बांग्लादेश का रहने वाला है।

## भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में दो-दो प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



**घोषणा**

- पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की रणनीति और कार्यकर्ताओं से तालमेल का दिखा असर

जिला पंचायत चुनाव में प्रतापपुर क्षेत्र संख्या 16 और दोपहरिया क्षेत्र संख्या 15 से दो-दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र वापस लेकर भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देने की घोषणा की। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिनकी कुशल रणनीति, राजनीतिक सूझबूझ और कार्यकर्ताओं के साथ मजबूत तालमेल ने भाजपा के लिए यह महत्वपूर्ण बढ़त सुनिश्चित की। पूर्व विधायक शुक्रवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे। उनके नेतृत्व में जिला पंचायत क्षेत्र संख्या 16 प्रतापपुर से भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर जितेंद्र गौतम के समर्थन में संजू देवी पत्नी नंदकिशोर एवं भीम सिंह पुत्र नंदकिशोर ने अपना नामांकन वापस लिया। वहीं जिला पंचायत क्षेत्र संख्या 15 दोपहरिया से भाजपा प्रत्याशी जसविंदर सिंह उर्फ बंटी खुराना को राम प्रसाद पुत्र स्व. नन्हेंलाल एवं वीरेंद्र गंगवार पुत्र मुन्ना लाल ने समर्थन देते हुए नामांकन वापस ले लिया।पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि यह भाजपा के प्रति जनता के विश्वास और हमारे संगठनात्मक एकजुटता का परिणाम है। हम सेवा, समर्पण और सुशासन की नीति के साथ काम कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन से हम जिला पंचायत में भाजपा की स्थिति और मजबूत करेंगे।

पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में नामांकन वापसी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की ओर बड़ा कदम बताया है। इस दौरान पंचायत चुनाव प्रभारी दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य,सह प्रभारी चंदन पांडे, मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भूमियाधार क्षेत्र में 100 अवैध दुकानों को ध्वस्त किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में भूमियाधार क्षेत्र में अवैध रूप से बनी दुकानों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सखत रुख अपनाया है। शुक्रवार को प्रशासनिक टीम ने पुलिस बल के साथ मिलकर अभियान चलाया और क्षेत्र में बनी 100 अवैध दुकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। विरोध के दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रही।

एसडीएम नावाजिस खलिक ने बताया कि भूमियाधार व्यू पॉइंट है जहाँ पर करीब 25 दुकानें बिना किसी वैध अनुमति के सरकारी भूमि पर बनाई गई थीं और कई बार यहां से हटाने को लेकर इनको अवगत भी कराया गया है,बीते 15 जून को इन लोगों हटाया भी गया था जिसके बावजूद फि र से यहां पर दुकाने लगाई गई। कहा की ना ही यहाँ पर किसी को कोई जगह आवंटित की गई है और ना ही यहाँ पर दुकाने लगा सकते हैं। कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।अगर यहाँ पर दुकाने लगानी है तो उसे लीगल तरह से कार्य करे।



पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जयश्री ने बताया की जिन दुकानों को अवैध निर्माण का नाम दिया जा रहा है उन्हें ये दुकाने बलॉक द्वारा आवंटित की गई थी लिखित रूप से दुकान लगाने की परमिशन नहीं दी गई थी बल्कि मौखिक रूप से दुकाने आवंटित की गई है। कई बार दुकानों को हटाने के लिए बोला जाता है।कहा की प्रशासन द्वारा शुक्रवार को सुबह बंद दुकानों को बिना सूचित किए हटाया गया। जिस दौरान काफी सामान क्षतिग्रस्त हुआ। जहाँ भी ग्रामीण इस मामले को लेकर अधिकारीयों के पास जाते है उन्हें घुमा दिया जाता है। प्रशासन से माँग की है की या तो उन्हें यहाँ पर दुकाने लगानी दी जाएं या फि र स्वरोजगार दिया जाएं। पूर्व प्रधान मीनाक्षी टमटा ने कहा कि बलॉक प्रमुख द्वारा व्यू पॉइंट्स का निर्माण किया। स्वरोजगार के तहत0 महिलाओं यहाँ पर अपनी दुकाने लगाई लेकिन आज प्रशासन द्वारा सभी दुकानों को ध्वस्त किया गया।किसी ने महिलाओं को अवगत नही कराया की वो लीगल कागज बना ले।

सुभम कुमार ने कहा की वर्ष 2020 में बलॉक प्रमुख द्वारा व्यू पॉइंट का उद्घाटन किया था जिसमें सभी विभागीय अधिकारी यहाँ पर मौजूद थे लेकिन उस समय प्रशासन ने आपत्ति नहीं की जिसके बाद लगातार यहाँ पर दुकानदारो को हटाया जाता है।कहा कि एसडीएम से वार्ता करने बात उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले को लेकर जाने की बात कहीण्जिलाधिकारी ने 10 महिलाओं को यहाँ पर सुचारु रूप से लगाने की बात कही। लेकिन आज प्रशासन द्वारा फिर से दुकाने हटाई गई लेकिन 10 से अधिक दुकाने यहा पर नही लगाई गई है। इस दौरान तहसीलदार युगल किशोर पांडेय समेत नगर पालिका भवाली, लोक निर्माण विभाग नैनीताल, खाद्य सुरक्षा विभाग तथा जिला पंचायत व तल्लीताल एसओ रमेश बोहरा समेत अन्य विभाग के लोग मौजूद रहे।

## नगर निकाय कर्मचारी संघ कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण की मांग

**नैनीताल** । नगर निकाय कर्मचारी संघ के शिष्टमंडल ने पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल से मुलाकात कर कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

अध्यक्ष शोभा चौहान व सचिव रितेश कपिल के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने वर्ष 2014 से बंद सामूहिक जीवन बीमा की धनराशि कर्मचारियों को वापस करने, अक्तूबर 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों का अंशदान एनपीएस खाते में जमा करने तथा कार्मिकों को समय पर एसीपी का लाभ देने व प्रत्येक वर्ष कर्मचारियों के एसीआर तैयार करने के लिए लेखाधिकारी को आदेशित करने की मांग की। पालिका के आवासों में रह रहे सेवानिवृत कर्मचारियों के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने को कहा। सचिव रितेश ने बताया कि पालिकाध्यक्ष ने लेखाधिकारी को समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। आवास मामले में कहा कि प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है कोर्ट आदेश पर कार्रवाई की जाएगी।



# विश्व जनसंखया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ऑल इंडिया विमेंस कांफ्रेंस नैनीताल द्वारा शनिवार को डीएसए भवन में एक दिवसीय हड्डी जाँच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। जिसके बाद ऑल इंडिया विमेंस कांफ्रेंस की महिलाओं ने पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल,डॉ. नरेंद्र रावत,डॉ. प्रमोद ओझा,दीपिका तिवारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं और बुजुर्गों में बढ़ती हड्डी संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान और उपचार सुनिश्चित करना था। शिविर में हाथ, पैर, घुटने दर्द के मरीजों की संख्या अधिक रही। जिसमें महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक रही। वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र रावत और उनकी टीम ने निशुल्क परामर्श और जांच सेवा प्रदान की। संस्था का प्रयास है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाएं समय पर स्वास्थ्य जांच करवाकर इन बीमारियों से बच सकें। शिविर में निशांत स्कूल के छात्र/छात्राओं की भी निशुल्क जाँच कराई गई। इस दौरान अध्यक्ष मुन्नी तिवारी, सचिव प्रीति शर्मा, मंजू कोटली, उपाध्यक्ष सावत्री सनवाल,उप सचिव दया बिष्ट, गीता पांडे, कोषाध्यक्ष अमिता साह, संरक्षक सरिता आर्य, शान्ति मेहरा, नीमा पांडे, तारा बोरा, तारा राणा, तारा बोरा, नंदनी पंत, आफरीन, रेखा पंत, मीनू बुधलाकोटी, पार्वती मेहरा, रेखा त्रिवेदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुक्तेश्वर वन क्षेत्र के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

प्रभागीय वनाधिकारी भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल के आदेशानुसार वनक्षेत्राधिकारी मुक्तेश्वर रेंज के दिशा निर्देशन में शुक्रवार को मानव वन्य जीव संघर्ष जन जागरूकता सचल वाहन के माध्यम से मुक्तेश्वर वन क्षेत्र के तहत पहाड़पानी अनुभाग के धानाचूली, मनाघेर, चौरलेख, पहाड़पानी, जलना, नील पहाड़ी आदि स्थानों में जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसके तहत स्थानीय लोगों को मानव वन्य जीव संघर्ष के कारणों व प्रभावों और रोकथाम के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा वन्यजीवों और मानव जीवन को होने वाले गंभीर नुकसान के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथा जनसहभागिता की अपील की गई तथा मानव वन्य जीव संघर्ष हेतु जागरूक किया गया व संघर्ष को कम करने के लिए कुछ एहतियाती उपायों की जानकारी दी गई। अभियान में सुरेश चन्द्र आर्या उप राजिक,गोविन्द राम वन दरोगा, भुवन चंद्र जोशी वन दरोगा, बलवंत सिंह भैंसोड़ा वन आरक्षी, दीपक सिंह रावत वन आरक्षी,प्रकाश चन्द्रचौकीदार, बबलू कुमार उपनल कर्मचारी तथा कुन्दन सिंह राणा वाहन चालक शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### दिव्यांग बच्चों की सेवा सेवालय का मुख्य उद्देश्य

**हल्द्वानी।** दिव्यांग बच्चों के जनकल्याण व सेवा के उद्देश्य से सेवालय संस्था की नीव रखी गयी। यह जय शारदा जन कल्याण समिति का प्रकल्प है। यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान संस्था की अध्यक्ष नीमा बिष्ट ने दी। उन्होंने बताया की संस्था का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और संसाधन विहीन दिव्यांग बच्चों के क्षेत्र में कार्य करना है। वर्तमान में सेवालय में 18 बच्चें रहते है।सेवालय द्वारा उनके रहने,खाने पीने और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। संचालक रोहित जोशी ने बताया की हम भविष्य में अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों की सेवा का कार्य कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करने की योजना बना रहें है। हमारी योजना अगले 2 वर्षो में 50 बालक और 50 बालिकाओं की सेवा कर उन्हें सशक्त बनाने की है।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया



**नैनीताल** । नैनीताल वन प्रभाग के तहत नगर पालिका वन रेंज के टांकी बीट के अंतर्गत पिटरिया क्षेत्र में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत प्रभाग की एसडीओ ममता चंद एवं वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल के नेतृत्व में विधायक सरिता आर्या के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत पांगर, तिलोंज, खरसू तथा बांज व पुतली आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया जिसमें विभागीय कर्मचारी विमला नगरकोटी, संतोष जोशी, भगवती प्रसाद जोशी वन दरोगा, राजेंद्र वर्मा वन रक्षक, नंदन दानू, कुंदन सिंह, महिपाल सिंह, ऋषभ पांडे, मनीष कुमार उपनल कर्मचारी एवं भगवत रावत , संतोष कुमार, आनंद सिंह बिष्ट ,अरविंद सिंह पडियार,पंकज बरगली,आशीष बजाज, शैलेंद्र सिंह बिष्ट, युवराज सिंह करायत,किशन सिंह बिष्ट ,दीपा रावत, दीप्ति रावत,भावना रावत, अलका रावत, मोना जोशी तथा जानकी देवी आदि स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# घाटे के चलते रोडवेज ने घटाई वॉल्वो सेवाएं

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बसों में काठगोदाम डिपो की बस संख्या यूके07पीए 3964 और यूके07 पीए 3965 का अनुबंध 21 जुलाई को खत्म हो रहा है, जबकि 3 अन्य वॉल्वो बसों यूके04 पीए1519, 1520, 1522 का अनुबंध 20 अगस्त को समाप्त हो रहा है। वर्तमान में ये बसें अब यात्रियों के अभाव में ऑफलाइन भी नहीं चल सकेंगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि वॉल्वो बसों का प्रति चक्कर भाड़ा भी बस मालिकों के लिए अधिक है, और इस स्थिति में इन बसों का संचालन निगम के लिए एक कठिन कार्य बन गया है। एमडी ने आज एक वर्चुअल बैठक के दौरान सभी डिपो की स्थिति का जायजा लिया और घाटे को कम करने के उपायों पर विचार किया। एमडी ने सभी डिपो को निर्देश दिए हैं कि यदि यात्री संख्या कम रहती है, तो ऑनलाइन सेवाओं की संख्या को और घटाया जाए।उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम और हल्द्वानी डिपो से चलने वाली वॉल्वो बसों को लगातार घाटे का सामना करना पड़ा है, जिसके बाद काठगोदाम डिपो ने अपनी 6 वॉल्वो बसों को ऑनलाइन सेवा से हटा दिया है। हल्द्वानी डिपो ने भी अपनी दो बसों को ऑनलाइन सेवा से हटा दिया है। यह कदम कम यात्री संख्या और घाटे को देखते हुए उठाया गया है। काठगोदाम डिपो ने 5 बजे, 9:30 बजे, 10:30 बजे, 11:30 बजे, 1:30 बजे दिन में और रात्रि 11 बजे की ऑनलाइन सेवाओं को बंद कर दिया है।

वहीं हल्द्वानी डिपो ने सुबह 6 बजे और रात्रि 9 बजे की बस सेवाओं को हटा दिया है। इन बसों में काठगोदाम डिपो की बस संख्या यूके07पीए 3964 और यूके07 पीए 3965 का अनुबंध 21 जुलाई को खत्म हो रहा है, जबकि 3 अन्य वॉल्वो बसों यूके04 पीए1519, 1520, 1522 का अनुबंध 20 अगस्त को समाप्त हो रहा है। वर्तमान में ये बसें अब यात्रियों के अभाव में ऑफलाइन भी नहीं चल सकेंगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि वॉल्वो बसों का प्रति चक्कर भाड़ा भी बस मालिकों के लिए अधिक है, और इस स्थिति में इन बसों का संचालन निगम के लिए एक कठिन कार्य बन गया है।

# महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने वेतन के लाले

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगरपालिका नैनीताल की कार पार्किंग व लेक ब्रिज में कार्यरत डेएनयूएलएम के अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने वेतन न मिलने व चोरी का आरोप लगाए जाने को लेकर शुक्रवार को मल्लीताल डीएसए पार्किंग में विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेवाजी की।

इस दौरान सुपर वाइजर कहा कि उन्हें तीन माह से वेतन नहीं मिला है और अब उनपर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें उपने परिवार वालों से भी खरी खोटी सुननी पड़ रही है वहीं पालिकाध्यक्ष से मुलाकात करने पर उन्होंने वेतन देने से साफ इन्कार कर दिया है। वेतन नहीं मिलने तक सभी महिलाएं कार्यबहिस्कार करेंगी और यदि वेतन नहीं मिलता है तो वह न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य होंगी। महिलाओं की सुपरवाइजर



प्रेमा करायत ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा महिला समूह स्वरोजगार के तरह 1 अप्रैल से कार्य पर रखा गया था श्रम विभाग की न्यूनतम मजदूरी दरों पर उन्हें मानदेय वेतन दिया जाएगा। कहा की पूरा सीजन निपट गया है आज तीन माह 10 दिन हो चुके हैं लेकिन अब तक महिलाओं को कोई कोई वेतन नहीं दिया गया है। कहा की सभी महिलाएं इस मामले को लेकर पालिकाध्यक्ष के पास गए तो उन्होंने सभी महिलाओं की बेइज्जती की और महिलाओं पर चोरी का आरोप लगाया। इस दौरान कविता देवी, यमुना शर्मा, वंदना खेतवाल, अनीता रौतेला, भगवती जोशी, मंजू नैनवाल, विमला आगरी, मुस्कान, शालनी, ईशा, आशा बिष्ट, पायल, किरण, संतोष आर्य, नीमा साह, प्रेमा आर्य, ललिता, गायत्री, कमला फ र्तयाल, ललिता बिष्ट, मुन्नी देवी, जानकी व नीमा कोहली आदि मौजूद रहे।

# खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशों एवं जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन के क्रम में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हर्ष यादव सीनियर सिविल जज व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश नैनीताल की अध्यक्षता मे जिला नैनीताल के समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों को मुकदमा मुक्त ग्रामीण विशेष अभियान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा उन्हें इस अभियान में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किए जाने हेतु सूचित किया गया एवं यह भी निर्देशित किया गया कि इस अभियान के अंतर्गत कवर किए गए कुल राजस्व ग्रामों की संखया जिन ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी प्राप्त की गई उनकी संखया कैसे राजस्व ग्राम जिन में कोई मुकदमा विचाराधीन नहीं है उनकी संखया के संबंध में सूचना कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल को मुहया कराए जाने को भी कहा गया। बैठक में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा 1 जुलाई से लेकर आगामी 31 जुलाई तक चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भी पौधारोपण कर किए गए पौधरोपण की सूचना कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल को भी मुहैया कराने को कहा गया।




इस मौके पर उपस्थित अधिकारीगण को पुन~ प्रत्येक राज्यस्व ग्राम में प्रोबोर्नो पीएलबी नियुक्ति किए जाने के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। बैठक मे शुभम अग्रवाल खंड विकास अधिकारी रामगढ़, मोहमद तनवीर असगर खंड विकास अधिकारी हल्द्वानी,गिरीश चंद्र पांडे खंड विकास अधिकारी कोटबाग, भूपेंद्र सिंह खंड विकास अधिकारी, दीपक कुमार पांडे ग्राम विकास अधिकारी कोटाबाग, दिनेश सिह बिष्ट सहायक खण्ड विकास भीमताल, संतोष कुमार ग्राम विकास अधिकारी ओखलकांडा, असलम अली सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी नैनीताल तथा सौरभ बिष्ट ग्राम विकास अधिकारी बेतालघाट इत्यादि उपास्थित रहे।

# अभिमत

## राष्ट्रवाद सर्वोपरि

***संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने संविधान की प्रस्तावना से दो शब्द समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष हटाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि 50 साल पहले आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ये दोनों शब्द संविधान की प्रस्तावना में जोड़े थे। धर्मनिरपेक्ष शब्द हमेशा से विवादित रहा है। भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर आधारित है। पूरी धरती पर रहने वालों को परिवार माना जाता है। मानवीयता ही धर्म है। धर्मनिरपेक्ष कोई मानव हो नहीं सकता।***

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) राजनीतिक संगठन नहीं है। आरएसएस राष्ट्रवाद के लिए हमेशा समर्पित रहा है। संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने संविधान की प्रस्तावना से दो शब्द समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष हटाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि 50 साल पहले आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ये दोनों शब्द संविधान की प्रस्तावना में जोड़े थे। धर्मनिरपेक्ष शब्द हमेशा से विवादित रहा है। भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर आधारित है। पूरी धरती पर रहने वालों को परिवार माना जाता है। मानवीयता ही धर्म है। धर्मनिरपेक्ष कोई मानव हो नहीं सकता। हर नागरिक को मानवीयता का आचरण सुनिश्चित करना चाहिए। ब्रिटिश शासन की गुलामी से आजादी मिलने के बाद संविधान में भारत को लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया था। सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किये गये थे। आजादी के समय देश का विभाजन होने पर पाकिस्तान ने धर्म के आधार पर इस्लामिक मुल्क घोषित किया। भारत ने स्वयं को हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं करके मानवीयता का परिचय दिया। कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के तहत अल्पसंख्यक और जातिवाद को बढ़ावा दिया। धर्मनिरपेक्षता की आड़ में बहुसंख्यक के साथ उपेक्षा का व्यवहार किया गया। समाजवाद के नाम पर जातिवादी और परिवारवादी राजनीतिक दल राज्यों में उभरे। वामपंथी राजनीतिक दलों ने समाजवाद के नाम पर विदेशी ताकतों के इशारे पर राष्ट्रहित को क्षति पहुंचाई। विश्व के कई समाजवादी देशों में तानाशाही शासन में नागरिकों पर जुल्म ढहाये गये। जनता ने तानाशाही के खिलाफ विद्रोह किया। सिर्फ चीन में ही समाजवाद की आड़ में तानाशाही शासन रह गया है। भारत में आरएसएस को हिन्दुत्ववादी धार्मिक संगठन बताकर अन्य राजनीतिक दल दुष्प्रचार करते रहे हैं। आरएसएस भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने का काम करता रहा है। शिक्षा क्षेत्र में आरएसएस का महत्वपूर्ण योगदान है। ब्रिटिश शासन ने गुलामी के दौरान मैकाले की शिक्षा पद्धति को मिशनरी स्कूलों के माध्यम से लागू किया था। आजादी के बाद कांग्रेस ने गुलामी की प्रतीक शिक्षा पद्धति को कायम रखा। शिक्षा को धर्म से जोड़ने का षडयंत्र अब खत्म करके मदरसों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। सरकार को संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना चाहिए।

## शराब पीने से पर्यटक की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती कराया

**नैनीताल ।** लखनऊ से नैनीताल घूमने आये पर्यटक की शराब पीकर तबियत बिगड़ी तो उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। अस्पताल में भर्ती पर्यटक ने हंगामा कर रात भर अस्पताल स्टाफ को परेशान कर दिया।

जानकारी के अनुसार लखनऊ निवासी 20 वर्षीय सारस्वत पांडे अपने तीन दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आया था। इस दौरान वह नैनीताल के एक होटल में रुके। जहां चारों ने पार्टी की। इस दौरान ज्यादा शराब पीने के कारण सारस्वत पांडे की तबियत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। आनन फानन में उसके दोस्त उसको बीडी पांडे अस्पताल ले गए।

जहां डाक्टरों ने उपचार के बाद उसको भर्ती कर दिया। भर्ती करने के बाद रात भर युवक ने हंगामा कर दोस्तों व स्टाफ को परेशान किया। पीएमएस डा. टीके टमटा ने बताया कि सुबह स्वास्थ्य ठीक होने के बाद युवक को छुट्टी दे दी गई है।

# खुशखबरी: उत्तराखंड शासन द्वारा भविष्य में केवल स्थाई नियुक्तियों को लेकर आदेश जारी

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड शासन द्वारा भविष्य में केवल स्थाई नियुक्तियों को लेकर आदेश जारी किया गया। शासनादेश पर प्रश्न चिन्ह लगने जा रहा है अप्रैल 2025 में मुखय सचिव उत्तराखंड की ओर से जारी शासनादेश में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 309 का हवाला देते हुए राज्य के अंतर्गत समस्त विभागीय स्वीकृत पदों पर होने वाली कोई भी नियुक्ति स्थाई रूप से विभागीय प्रचलित नियमावली के माध्यम से होने का शासनादेश जारी करते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार की आउटसोर्सिंग एजेंसी अथवा संविदा या किसी भी प्रकार की अस्थाई व्यवस्था के तहत कोई भी नियुक्तियां नहीं किए जाने का आदेश जारी किया गया परंतु इसके विपरीत शिक्षा विभाग में पिछले 7 वर्षों से रिक्त चल आ रहे पदों पर आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से नियुक्तियां की तैयारी की जा चुकी है जिसके लिए विधिवत विभागीय मेरिट लिस्ट भी जारी की जा चुकी है जिन पर आचार संहिता के पश्चात नियुक्ति पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि सर्व शिक्षा अभियान एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान को एकीकृत कर समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पूर्व में यह पद विभागीय पदेन अधिकारियों एवं कार्यरत शिक्षकों की पदस्थापना (डेपुटेशन) से भरे जाने की स्वीकृत राज्यपाल द्वारा दिए जाने के पश्चात विधिवत पद सृजन का शासनादेश जारी किया गया था।

उल्लेखनीय है कि राज्य अंतर्गत पूर्व में आउटसोर्सिंग सहित अन्य माध्यमों से भर्ती कार्मिकों द्वारा समय-समय पर अपने नियमितीकरण की मांग उठाई जाती रही है। वर्तमान में भी कई विभागों में नियमित नियुक्तियों को लेकर इन्हीं कर्म से कई पेंच फंसे हुए हैं ऐसे में फि र से आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से नियुक्तियां किया जाना सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

### व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की मांग की



उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय तदर्थ समिति के पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि एक और जहां विगत 7 वर्षों से इन पदों पर काम चलाओ व्यवस्था के चलते जवाबदेही नहीं होने का सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ा वहीं अब दूसरी ओर पूरी विभागीय प्रक्रिया के उपरांत आउटसोर्सिंग एजेंसी से इन पदों पर नियुक्तियां की जाएगी तो निश्चित रूप से वह भविष्य में अपने स्थाईकरण की मांग करेंगे कयों कि इन नियुक्तियों का पुख्ता आधार विभागीय स्तर पर मेरिट सूची का जारी किया जाना है जबकि यह कार्य आउटसोर्सिंग एजेंसी को करना चाहिए था। उन्होंने तत्काल राज्यहित में इस व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

# फिल्मी दुनिया

## रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ विंबलडन पहुंची जान्हवी कपूर





*जान्हवी कपूर विंबलडन में मैच देखने पहुंची। वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ नजर आईं। उन्होंने कहा कि वह पहली बार यहां आई हैं। बॉलीवुड के कई सितारे इन दिनों विंबलडन जा रहे हैं। विराट कोहली, अनुष्का शर्मा और अवनीत कौर पहले ही यहां जा चुके हैं। जान्हवी कपूर 11 जुलाई को विंबलडन में सेमी फाइनल मैच देखने पहुंचीं। अभिनेत्री को उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ मैच का आनंद लेते हुए देखा गया। ये दोनों कार्लोस अल्काराज और टेलर फ्रिट्स का मैच देखते नजर आए। यहां पहुंच कर उन्होंने एक चैनल को बताया है कि वह यहां पहली बार आई हैं। जान्हवी कपूर ने स्टार स्पोर्ट्स से बताया मैं यहां पहली बार आई हूं। यह बहुत अच्छी जगह है। जहां तक मैं जानती हूं यह पूरी दुनिया में सबसे पुराना टेनिस टूर्नामेंट है। मैं यहां आकर रोमांचित हूं। मैंने इसके बारे में बहुत सुना है। मैंने न सिर्फ यहां के खिलाड़ियों के बारे में सुना है बल्कि स्ट्रॉबेरी और क्रीम के बारे में सुना है। मैं इन्हें खाना चाहूंगी। यहां पहुंचकर जान्हवी ने कई पोज दिए। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने जान्हवी और उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड को देखते ही उनकी तस्वीरें सोशल मीडिय पर शेयर करनी शुरू कर दीं। इस दौरान जान्हवी ने फ्रॉक जैसी ड्रेस पहनी हुई थी, जिस पर कढ़ाई थी। वहीं शिखर ने नीले रंग का सूट पहना हुआ था।*

### जान्हवी ने नहीं कबूली रिश्ते की बात

*यह पहली बार नहीं है जब शिखर और जान्हवी एक साथ नजर आए हैं। इससे पहले भी वह कई बार एक साथ देखे गए हैं। हालांकि यूजर्स एक बार फिर उनके रिश्ते को लेकर अटकलें लगाने लगे हैं। हालांकि ना तो जान्हवी ने और ना ही शिखर ने अपने रिश्ते की बात कबूली है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने उनकी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है विंबलडन में जान्हवी और शिखर।*

# क्षेत्र पंचायत के चुनाव में धांधली का आरोप, कुमाऊं कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पूर्व दर्जा राज्य मंत्री व प्रमुख राज्य आन्दोलनकारी हरीश पनेरु ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने कहा है कि ओखलकाण्डा विकास खण्ड के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत के चुनाव में भारी धांधली की जा रही है।

पनेरु के मुताबिक धांधली का विशेष कारण यह है कि चुनाव डयूटी में लगे अधिकांश कर्मचारी एवं अधिकारी ओखलकाण्डा बलॉक में निवर्तमान बलॉक प्रमुख के अधीन काम करते रहे हैं। उनके प्रभाव में आकर बचुली देवी क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रमाण पत्र गायब कर दिये गये हैं जिससे अन्य निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य बन सके। ऐसे में पूरी चुनाव प्रक्रिया भारी अनियमितता हो रही है।

उक्त तथ्यों से आर0ओ0 को अवगत कराने के बाद लगातार चुनाव धांधली किया जा रही है। पनेरु ने कमिश्नर रावत से निवेदन किया है कि वह इस प्रकरण की जांच करते हुए चुनाव प्रक्रिया में अन्य जगह के कर्मचारी व अधिकारियों को लगाया जाए जिससे निष्पक्ष चुनाव हो सके।



News कॉर्नर

### फरार चल रहे वारंटी की गिरफ्तारी

**नैनीताल** । पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में फरार चल रहे वारंटियों एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तल्लीताल पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। एसपी अपराध एवं यातायात डॉ. जगदीश चंद्रा के दिशा.निर्देशन और थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश बोहरा के नेतृत्व में वारंटी श्यामलाल निवासी सूर्यागांव दोगड़ा ज्योलीकोट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने अभियुक्त को उसके निवास स्थान सूर्यागांव दोगड़ाए ज्योलीकोट से गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की। गिरफतारी टीम में ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोरा, कांस्टेबल धर्मेंद्र साहनी तथा दीपक जोशी शामिल रहे।

### पर्यटकों की कार के टैक्सी कार से टकराने पर बवाल

**नैनीताल** । नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जाती पर्यटकों की कार के टैक्सी कार से टकराने पर बवाल हो गया। पर्यटकों ने बीच सडक़ टैकसी से चालक को निकालकर पीटा तो मौके पर हंगामा हो गया। जानकारी के अनुसार पीबी 27एल-8273 कार नैनीताल से हल्द्वानी को जा रही थी। इस दौरान बल्दियाखान के समीप पर्यटक ने बीच सडक़ अपनी कार में के ब्रेक दबाए। इस दौरान उनके पीछे से आ रही टैकसी कार यूके 004 टीबी 6253 उनकी कार से टकरा गई। टैकसी कार से टकराते ही पर्यटक कार से उतरे और टैकसी चालक को टैकसी से बाहर खींच लिया। इससे पहले की टैकसी चालक कुछ बोलता पर्यटकों ने उसको पीट दिया। टैकसी चालक ने अन्य टैकसी चालकों को इसकी सूचना दी तो मौके पर भीड़ जमा हो गई और देर तक हंगामा होता रहा। इस दौरान यातायात भी बाधित हुआ। लोगों ने पुलिस को सूचित किया तो पर्यटक व टैकसी चालक फरार हो गए।

# कुमाऊं कमिश्नर ने दिए शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी कार्रवाई के निर्देश

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं आयुक्त /सचिव दीपक रावत द्वारा कैंप कार्यालय में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में भूमि धोखाधड़ी, परिवहन व्यवस्था, पारिवारिक विवाद, उपभोक्ता हित और अन्य समस्याओं से संबंधित कई मामले सामने आए। आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई के निर्देश दिए।



रामनगर क्षेत्र से एक मामला प्रकाश में आया, जिसमें प्रतिपाल सिंह कड़ाकोटी द्वारा खरीदी गई कृषि भूमि को खरीदारों को जानकारी दिए बिना आगे बेचा गया। उक्त भूमि केवल कृषि प्रयोजन हेतु उपयोग के लिए थी, परंतु इसका आवासीय या वाणिज्यिक उपयोग हो सकता है, इस पर तहसीलदार को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

बाजपुर क्षेत्र से भी भूमि धोखाधड़ी की शिकायत आई, जिस पर आयुक्त ने एसडीएम को माप-तौल एवं सत्यापन कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। काठगोदाम स्थित एक पेट्रोल पंप पर तेल में पानी मिलाने की शिकायत पर आयुक्त ने स्वत: संज्ञान लिया। जिला पूर्ति अधिकारी को तत्काल जांच कर पेट्रोल पंप स्वामी से स्पष्टीकरण तलब करने के आदेश दिए गए।

रामपुर रोड क्षेत्र के नागरिकों ने भारी वाहन आवासीय क्षेत्रों में खड़े किए जाने की समस्या बताई। आयुक्त ने गोदाम स्वामियों को 10 दिन के भीतर उचित व्यवस्था सुधारने और आवासीय क्षेत्रों में भारी वाहनों की पार्किंग बंद करने के निर्देश दिए। बद्रीपुरा क्षेत्र में किरायेदार द्वारा अवैध कब्जा कर संपत्ति बेचने के आरोप के मामले में आयुक्त ने भवन का चालान जारी करने तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया। शहर के एक विद्यालय की छात्रा को वर्ष 2021 से 12वीं की अंकतालिका नहीं मिली थी क्योंकि उसके पिता ने शुल्क जमा नहीं किया था। आयुक्त ने पिता को 50त्न शुल्क जमा कराना और विद्यालय को अंकतालिका देने का निर्देश दिया। आभूषण गिरवी रखे जाने वाले पुराने विवाद में दोनों पक्षों की सहमति से 57,000 का भुगतान कर आभूषण वापस करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने आरटीओ हल्द्वानी को वाहन जब्त करने और वाहन स्वामी को बीमा राशि मिलने तक आर्थिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। स्याल्दे क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि पति से अलग रहने के कारण परिवार में दरार आ गई है, लेकिन बच्चे के हित में वह पुन: साथ रहना चाहती है। आयुक्त ने दोनों पक्षों से वार्ता कर समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए। जनता मिलन में भूमि विवादों की अधिकता को देखते हुए आयुक्त दीपक रावत ने आम जनता से अपील की कि भूमि खरीदने से पहले उसकी वैधता, ऋण स्थिति, सीमांकन एवं कानूनी पक्षों की पूरी जांच करें। साथ ही खरीद के बाद तुरंत चारदीवारी और निर्माण कर अवैध कब्जे से बचाव करें।

# रकसिया नाले के जलभराव के निदान पर सांसद का आभार जताया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री द्वारा हल्द्वानी शहर के विकास कार्यों हेतु की गई घोषणा के अन्तर्गत एडीबी वित्तपोषित हल्द्वानी परियोजना में यूयूएसडीए द्वारा गतिमान वर्षा जल प्रबन्धन के कार्यों में रक्सिया नाले के आउटफॉल निर्माण कार्य का आज माननीय सांसद अजय भट्ट द्वारा निरीक्षण किया गया ।



आउटफॉल हेतु 4×3द्व आकार के 1.5द्मद्व लंबाई के भूमिगत नाले का निर्माण किया गया है, जिसके ऊपर से रोड निर्माण कार्य भी किया जाना है ।यह निर्माण कार्य हल्द्वानी के लिये एक मील का पथर है । विगत कुछ दिनों से हल्द्वानी में हो रही भीषण बारिश से रकसिया नाले के पानी से प्रेमपुर लोशज्ञानी के नीचे के लगभग 10 से अधिक गांवों को जलभराव की समस्या से निजात मिली है। रकसिया नाला आउटफॉल को एक वर्ष के भीतर वर्षा जल भराव की समस्या के निदान हेतु तैयार कर दिया गया है, जिसके लिए सरकार एवं प्रशासन द्वारा निरन्तर समीक्षा की गई और आज फलस्वरूप यह आउटफॉल नाला तैयार हो गया है ।

रक्सिया नाले के आउटफॉल के भूमिगत नाले का निर्माण पूरा हो जाने से डाउनस्ट्रीम के गांवों हल्दुपोखरा नायक, हिन्ममतपुर बैजनाथ, गुसाईंपुर, पांडेय नेवार, पूरनपुर, आनंदपुर एवं प्रेमपुर लोषज्ञानी गाँव में जलभराव की समस्या से निजात मिली है । वर्षा ऋतु के शीघ्र पश्चात इसके ऊपर सड़क का निर्माण भी किया जाना है, जो कि एक मुख्य लिंक मार्ग का कार्य करेगा और हल्द्वानी की जनता को एक बेहतर सुविधा प्रदान करेगा ।

# अधिवक्ता रावत ने मोड़ों पर मलबा डाले जाने पर लोनिवि को भेजा पत्र

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट के अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिंह रावत ने नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर चील चक्कर और हनुमानगढ़ मंदिर जैसे खतरनाक मोड़ों पर मलबा डाले जाने के मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। रावत द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर इस गंभीर लापरवाही पर आपत्ति जताई गई है।



बताया गया कि यह मलबा लोक निर्माण विभाग द्वारा आंतरिक मार्गों के निर्माण के दौरान निकला हुआ है जिसे अब राष्ट्रीय राजमार्ग के संवेदनशील मोड़ों पर अनधिकृत रूप से डंप किया जा रहा है। हाईकोर्ट अधिवक्ता डीसीएस रावत ने पत्र में स्पष्ट किया कि इस मार्ग से लगातार पर्यटकों व विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्तियों का आवागमन बना रहता है।

ऐसे में बरसात के दौरान यदि मलबा फिसलकर सडक़ पर आ गया तो इससे बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। पत्र में यह मांग की गई है कि यदि यह वाहन व कार्य विभागीय नहीं था तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और अगर विभागीय था तो यह गंभीर लापरवाही के दायरे में आता है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि दुर्घटना संभावित मोड़ों पर बार.बार मलबा डंप करना न केवल नैनीताल की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है बल्कि न्यायालय के आदेशों की भी अवहेलना है। उन्होंने मलबा हटवाने और भविष्य में इस तरह की लापरवाही रोकने के लिए सखत कदम उठाने की मांग की है।

# गुरू पूजन के साथ व्यास पूजन और यज्ञ महोत्सव का आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हल्द्वानी भागवताचार्य कपिल देव महाराज के आवास में भजन-कीर्तन, गुरू पूजन, व्यास पूजान और यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया।



श्रद्धा और भक्ति के इस माहौल में सैकड़ों की संख्या में भक्तजन सुबह से ही पूजन के लिए महाराज के दशनों को उनके आवास पहुंचे। पिछले दस वर्षों से भागवत कथा वाचन में जुटे कपिल देव महाराज अब तक 81 भागवत कथाओं का वाचन उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों में कर चुके हैं। उनके ओजस्वी वचन और आध्यात्मिक प्रवचनों ने कई श्रद्धालुओं के जीवन को नई दिशा दी है। इस अवसर पर भक्ति संगीत से सराबोर माहौल में भजन कीर्तन, गुरू पूजन, औ यज्ञ अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। भक्तों ने महाराज के चरणों में पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दें कि कपिल देव महाराज पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नयन दास तथा पद्मपुरी के संत अटल महाराज जैसे दिव्य संतों के कृपापात्र हैं। उनके आध्यात्मिकत जीवन में इन महान संतों की प्रेरणा और मार्गदर्शन को विशेष योगदान रहा है। कार्यक्रम के समापन पर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### पुलिस ने बालिका को सकुशल ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**हल्द्वानी।** आगंतुक मिस ज्योत्शना पांडे निवासी अल्मोड़ा हाल निवासी आवास विकास ने अपने दो पड़ोसी महिलाओं के साथ कोतवाली में आकर बताया की उसकी छोटी बहन जो उसके घर में कुछ दिन पूर्व गाँव से आई है, किसी काम से नजदीकी दुकान हेतु घर से गई थी और वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा आस-पास काफी ढूँढ खोज की गई पर बालिका कही नहीं मिली। इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा सी सी टीवी कंट्रोल रूम से संपर्क किया। प्राप्त सूचना पर सी सी टीवी कैमरे खंगाले ने संवेदंशीलता व सक्रियता के साथ सभी संभावित स्थलों ओर मार्गों के लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। कैमरों के अवलोकन पर ज्ञात हुआ कि उक्त बालिका रास्ता भटक कर दुर्गा सिटी से जगदम्बा नगर व गलियों से जाकर लालडांट कुसुमखेडा को जाते दिखाई दी।

### देर तक एक टैक्सी वाहन संगीत बजाने पर कार्रवाई की मांग

**नैनीताल।** नगर के राजभवन रोड पर टोल चुंगी के समीप देर तक एक टैक्सी वाहन पार्क रहा। हद तब हो गई जब पुलिस के सामने ही तेज आवाज में देर तक वाहन में संगीत बजते रहे। लोगों ने इसका वीडियो बनाकर पुलिस के उच्चाधिकारियों को भेज कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार फांसी गधेरे राजभवन रोड पर टोल चुंगी के समीप सडक़ में यूके 01 टीए 1652 टैकसी वाहन पार्क थी। इस दौरान वाहन चालक ने टैकसी के दरवाजे खोलकर तेज आवाज में गाने चला दिए। तेज आवाज से आस पास के लोगों को दिक्कत होने लगी। जब लोगों ने मौके पर जाकर देखा तो वाहन चालक टैकसी के बाहर खड़े होकर झील की फोटोग्राफी कर रहा था और तेज आवाज में बज रहे गीत को सामने खड़े पुलिस कर्मी भी सुन रहे थे। लोगों ने इसकी विडीयो बना ली और उच्च अधिकारियों को भेज दी। लोगों का कहना है कि एसएसपी व डीएम कार्यालय के इतने नजदीक ऐसी स्थिति का होना सोचनीय है। उन्होंने वाहन चालक व ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# गुरू का महत्व विषय पर एक विचारगोष्ठी आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अधिवक्ता परिषद उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को गुरु पर्व के अवसर पर अधिवक्ताओं के परिप्रेक्ष्य में गुरू का महत्व विषय पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के महाधिवक्ता एस.एन. बाबुलकर उपस्थित रहे । जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता परिषद उत्तराखण्ड की प्रदेश अध्यक्ष जानकी सूर्या ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मुख्य वक्ता के रूप में उत्तराखण्ड के अपर महाधिवक्ता जी.एस. संधू ने गुरु-शिष्य परम्परा और विधिक क्षेत्र में गुरुओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। विचारगोष्ठी में अन्य वक्ताओं के रूप में वरिष्ठ अधिवक्तागण पूरन रावत एवं कौशल साह जगाती ने भी सम्बोधित किया । कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता परिषद उच्च न्यायालय इकाई के महामंत्री अनिल कुमार जोशी द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष लाकेन्द्र डोभाल ने की। कार्यक्रम के समापन पर कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ अधिवक्तागण, शासकीय अधिवक्ता अमित भट्ट सहित उच्च न्यायालय इकाई के अनेक सदस्यगण एवं अधिवक्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की।

# नियमों के उल्लंघन पर 117 वाहनों के चालान और छह वाहन सीज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सड़क दुर्घटना और अनाधिकृत वाहन संचालन के दृष्टिगत परिवहन विभाग के द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान संचालित किया जिसमें 117 वाहनों के चालान और छह वाहन सीज किए।



आज सहायक परिवहन अधिकारी जितेंद्र सांगवान ,परिवहन अधिकारी गोविंद सिंह, अनुभा आर्य परिवहन निरीक्षक गिरीश कांडपाल ,श्रीआरसी पवार, नंदन रावत के द्वारा हल्द्वानी-कालाढूंगी, हल्द्वानी-नैनीताल, हल्द्वानी- भीमताल एवं नैनीताल मार्गों पर चेकिंग अभियान संचालित किया जिसमें टैक्सी, मैक्सी, बस, मोटरसाइकिल, टैक्सी बाइक, कार, ई रिक्शा, ऑटो, ट्रक आदि वाहनों की चेकिंग करते हुए ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड, हेलमेट, सीटबेल्ट, नंबर प्लेट, नो पार्किंग , लगेज ओवरसाइज, चालक द्वारा निर्धारित परमिट शर्तों का उल्लंघन आदि अभियोग में प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए 117 वाहनों के चालान करने के साथ ही ऑटो, ई रिक्शा सहित 06 वाहनों को सीज किया गया । इस प्रवर्तन कार्रवाई मे सहायक परिवहन निरीक्षक श्री अनिल कार्की, गोधन सिंह, अरविंद सिंह ह्यांकि, मो दानिश प्रवर्तन चालक महेंद्र कुमार, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।